भारत सरकार

जल शक्ति मंत्रालय

जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 608

जिसका उत्तर 04 फरवरी, 2021 को दिया जाना है।

.....

अटल भू-जल योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायतें

608. श्रीमती चिंता अनुराधा:

क्या **जल शक्ति मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि सरकार ने केवल कुछ राज्यों की कुछेक ग्राम पंचायतों में ही अटल भू-जल योजना शुरू की है;

(ख) यदि हां तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) घटते भू-जल स्तर के गहन चिंता का एक विषय होने के बावजूद इस योजना को पूरे भारत में शुरू नहीं करने के क्या कारण हैं;

(घ) क्या सरकार के पास इस योजना को पूरे देश में कार्यान्वित करने की कोई योजना है;

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(च) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

जल शक्ति और सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्य मंत्री (श्री रतन लाल कटारिया)

(क) और (ख): अटल भूजल योजना (अटल जल) सात राज्यों नामत: गुजरात, हरियाणा, कर्नाटक, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, राजस्थान और उत्तर प्रदेश के चिन्हित जल की कमी वाले क्षेत्रों में कार्यान्वित की जा जा रही है। राज्यवार, जिलों, ब्लॉक/तालुका और ग्राम पंचायतों का विवरण नीचे सारणी में दिया गया है-

क्र.□□	राज्य	□□□	ब्लॉक/□□□□	ग्राम पंचायत
1	गुजरात	7	34	2201
2	हरियाणा	13	36	1895
3	कर्नाटक	14	41	1199
4	मध्य प्रदेश	6	9	672
5	महाराष्ट्र	13	38	1339
6	राजस्थान	17	38	1144
7	उत्तर प्रदेश	10	26	550
	□□	80	222	9000

(□): अटल जल प्रायोगिक आधार पर परामर्श, भूजल परिस्थितियों की गंभीरता, इच्छाशक्ति और तैयारी के स्तर के आधार पर कुछ राज्यों में शुरू किया गया है।

(□) □□ (□): जी, नहीं। हांलाकि, जल की कमी वाले और अधिक क्षेत्रों को भविष्य में इस योजना के अंतर्गत शामिल किए जाने के प्रस्तावों को योजना से प्राप्त होने वाले परिणामों और इसके कार्यान्वयन की स्थितियों पर निर्भर होगा।

(□): उल्लिखित उत्तर (घ) और (ङ) को देखते हुए, प्रश्न ही नहीं उठता।

*****